उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (SI)

हल प्रश्न-पत्र 2017

ऑनलाइन भर्ती परीक्षा, 2017

[22-12-2017 (प्रथम पाली) को आयोजित]

भाग-I : सामान्य हिन्दी

1. "लिखित भाषा में हम अपने विचार लिखकर प्रकट करते हैं।" वाक्य का काल पहचानिए।
(1) सामान्य वर्तमानकाल
(2) संभाव्य भविष्यकाल
(3) सामान्य भूतकाल
(4) पूर्ण वर्तमानकाल

2. द् + अ + क् + ष + अ = ?
(1) दकष (2) दक्श
(3) दक्ष (4) दाग

3. "भारत की खोज" किसकी कृति है?
(1) सुभाष चन्द्र बोस
(2) जवाहर लाल नेहरू
(3) रबीन्द्रनाथ ठाकुर
(4) महात्मा गाँधी

4. "हमारा अध्यापक अमेरिका की वाद-विवाद प्रतियोगिता का विजेता बन, भारत लौट आया।" रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त विकल्प का प्रयोग करें।
(1) अध्यापक लोग
(2) अध्यापकों
(3) अध्यापक समूह
(4) अध्यापक वृन्द

5. "अवगाहन" शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(1) जाना (2) स्वागत करना
(3) छानबीन (4) आसन

6. दिए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।
"शब्द के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह शब्द .... का है या स्त्री जाति का, उसे .... कहते हैं।"
(1) संज्ञा, सर्वनाम
(2) मानव जाति, जाति
(3) पुरुष जाति, लिंग
(4) पुरुष, अन्य पुरुष

7. दिए विकल्पों में से पुल्लिग शब्द कौन-सा है?
(1) नृप (2) रात्रि
(3) घाघरा (4) वृष्टि

8. दिए विकल्पों में सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।
"भारतीय क्रिकेट टीम को सन् 1983 में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट .... में विश्व विजेता बनाने का .... कपिल देव को है।"
(1) जगत, उलेख (2) समूह, नाम
(3) शृंखला, श्रेय (4) प्रतियोगिता, काम

9. "अग्नि परीक्षा" किस रचनाकार की कृति है?
(1) कौटिल्य (2) आचार्य तुलसी
(3) प्रेमचन्द (4) चतुरसेन

10. दिए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प "सब्ज बाग दिखाना" मुहावरे का अर्थ दर्शाता है?
(1) सब्जियों के बाग दिखाना
(2) हिम्मत बँधाना
(3) झूठे वायदे करना
(4) हरे-भरे उद्यानों की सैर करना

11. दिए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।
"यह रास्ता .... है, सावधानीपूर्वक चलें।"
(1) उत्रृण (2) दुर्गम
(3) अवाई (4) अनुमोदन

12. "काक पद" का उपयोग कब होता है?
(1) शोक प्रकट करने पर
(2) बार-बार एक ही बात के लिए
(3) वाक्य के बीच विराम लेने पर
(4) छूटे हुए अंश के लिए

13. इनमें से कौन-सा विकल्प "शब्दालंकार" का भेद नहीं है?
(1) यमक (2) श्लेष
(3) रूपक (4) अनुप्रास

14. "मैया! मैं तो चन्द्र-खिलौना लैहों।" पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(1) रूपक अलंकार (2) उत्प्रेक्षा अलंकार
(3) श्लेष अलंकार (4) यमक अलंकार

15. दिए गए वाक्यों में त्रुटिहीन वाक्य कौन-सा है?
(1) शरीर में ताकत होनी चाहिए
(2) शरीर पर ताकत होनी चाहिए
(3) शरीर से ताकत होनी चाहिए
(4) शरीर के अंदर ताकत होनी चाहिए

16. दिए गए विकल्पों में से "संक्षिप्त" का अर्थ कौन-सा है?
(1) मुख्य (2) मुख्तसर
(3) विराम (4) व्याख्या

17. "पुराने रीति-रिवाजों में जकड़ा होना" पर आधारित मुहावरा, दिए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प है?
(1) ढाक के तीन पात
(2) मक्खी पर मक्खी मारना
(3) सीधी राह चलना
(4) लकीर का फकीर

18. "अन्धे के हाथ बटेर लगना" कहावत का आशय क्या है?
(1) अन्धा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है।
(2) भाग्य से कोई वस्तु मिल जाना।
(3) किसी अयोग्य व्यक्ति को महत्त्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो जाना।
(4) बिना परिश्रम के सफलता मिल जाना।

19. जिस शब्द में त्रुटि नहीं है, उसका चयन करें।
(1) छत्रीछाया (2) छत्रच्छाया
(3) छत्रोछाया (4) छतरछाया

20. दिए गए विकल्पों में से "स्वागत" का विच्छेद क्या होगा?
(1) सु + आगत (2) स्वा + गत
(3) स्व + आगत (4) स्व + अगत

Scanned by CamScanner

21. किस वर्ष में लॉर्ड विलियम बेनटिंक ने "अंग्रेजी शिक्षा एक्ट" को लागू करवाया था?
(1) 1841 (2) 1855
(3) 1835 (4) 1839

22. दिए गए विकल्पों में से "अपेक्षा" का अर्थ कौन-सा है?
(1) उपेक्षा (2) स्निग्ध
(3) अंधकार (4) अभिलाषा

23. "काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती" का आशय है ………।
(1) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते।
(2) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता।
(3) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल जाता है।
(4) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती।

24. "रश्मिरथी" के रचयिता कौन हैं?
(1) रामधारी सिंह दिनकर
(2) शिवसिंह
(3) पंडित जगन्नाथ
(4) श्यामसुन्दर दास

25. जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना प्रकट की जाती है, वहाँ ……… अलंकार होता है। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करें।
(1) अनुप्रास (2) विभावना
(3) उत्प्रेक्षा (4) श्लेष

26. दिए गए विकल्पों में से "अवनि" का विरुद्धार्थी शब्द कौन-सा है?
(1) अग्नि (2) चक्षु
(3) अमन (4) अंबर

27. "कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय। वा खाए बोराए जग या देखे बौराए॥"
दिए गए दोहे में किस अलंकार को दर्शाया गया है?
(1) उपमा (2) यमक
(3) अनुप्रास (4) अन्योक्ति

28. "भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लम्बी नदी गंगा है।" वाक्य में प्रयुक्त शब्द "सबसे" क्या है?
(1) क्रिया विशेषण (2) प्रविशेषण
(3) विशेष्य (4) विशेषण

29. "चंद रुपए बचाने के चक्कर में कई लोगों में शर्मसार होना पड़ा"।
इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद पहचानिए।
(1) निश्चित परिणामवाचक
(2) निश्चित संख्यावाचक
(3) अनिश्चित संख्यावाचक
(4) विभागबोधक

30. दिए गए विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?
(1) भ्रमर (2) पुदीना
(3) चूल्हा (4) काया

31. "आग की हँसी" काव्य-संग्रह के लिए किस साहित्यकार को सन् 2015 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(1) रुस्तम सिंह
(2) केदारनाथ अग्रवाल
(3) राजेन्द्र यादव
(4) रामदरश मिश्र

निर्देश (प्रश्न संख्या 32-34) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न के उत्तर दीजिए।

रामभक्ति शाखा के सर्वाधिक प्रसिद्ध संतकवि तुलसीदास हैं। उन्होंने समाज और जन-जीवन में फैल रहे अनाचार को रोकने के लिए राम के ऐसे आदर्श रूप को प्रस्तुत किया, जो व्यक्ति, परिवार, समाज और राजनीति में आदर्श मर्यादाओं की स्थापना करते हैं; जो जीवन के विरोधों में समन्वय का सन्देश देते हैं। भारतीय समाज ऐसे राम को पाकर मध्ययुग की इस बर्बरता में भी जीवित रह सका।

32. "जो व्यक्ति, परिवार, समाज और राजनीति में आदर्श मर्यादाओं की स्थापना करते हैं; जो जीवन के विरोधों में समन्वय का सन्देश देते हैं"।
उपर्युक्त वाक्य में किन-किन विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है?
(1) अर्धविराम, पूर्णविराम, अवतरण
(2) अल्पविराम, प्रश्नवाचक, पूर्णविराम
(3) लाघवचिह्न, काकपाद, अल्पविराम
(4) अर्धविराम, अल्पविराम, पूर्णविराम

33. संत कवि ने किसके जीवन पर रचना की है?
(1) राम (2) तुलसी
(3) कृष्ण (4) शिव

34. "बर्बरता" शब्द का समानार्थी क्या होगा?
(1) अत्यंत (2) नृशंसता
(3) अस्तित्व (4) निर्माणाधीन

35. "ब्रह्मण" शब्द के शुद्ध रूप का चयन करें।
(1) ब्राह्मण (2) ब्राहन
(3) ब्रहण (4) ब्राम्हाण

36. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।
(1) गर्मी की उमस के बाद वर्षा शुरू हुई।
(2) कई सालों से निर्मला के मन में तीर्थयात्राओं की बड़ी लालसा थी।
(3) विश्वनाथ अपने परिवारियों के साथ किसी महानगर में एक छोटे तंग मकान में रहता है।
(4) यदि हमने जीवन में सब कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए।

37. दिए गए विकल्पों में से "ऊर्ध्व" शब्द के सही विलोम का चयन कीजिए।
(1) क्षणिक (2) अंधः
(3) अन्त (4) पुष्ट

38. "उसकी दृष्टि में वह कभी इतने आदर और स्नेह के ……… न थी।"
दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(1) विरुद्ध (2) योग्य
(3) वंचित (4) अयोग्य

39. "गरीब घर के लोग का जीवन दयनीय होता है।" वाक्य में रेखांकित शब्दों के वचन बदलो।
(1) घरों, लोग
(2) घर, लोगों
(3) घरोओं, लोगोंओं
(4) घरों, लोगों

40. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।
"रामायण और महाभारतकाल में विमान होते थे, ऐसा हमने अपने ……… से सुना है और हिन्दू धर्मग्रन्थों में भी इसका ……… किया गया है।"
(1) कानों, खुलासा
(2) बड़ों, वर्णन
(3) पूर्वजों, लेख
(4) शास्त्रों, जिक्र

भाग-II: मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

1. भारतीय संविधान लागू होने से पहले, भारत का प्रशासन मूल रूप से किस दस्तावेज के अनुसार होता था?
(1) ईस्ट इण्डिया स्टॉक डिविडेंड रिडेम्पशन एक्ट, 1873
(2) भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम, 1947
(3) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(4) भारत सरकार अधिनियम, 1919

2. समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए ……… शीर्ष संस्था है। इसके अलावा, बाल अधिकार एवं महिलाओं की तस्करी की रोकथाम पर प्रशिक्षण देने के लिए, यह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों की प्रमुख संस्था भी है।
(1) महिला एवं बाल विकास विभाग
(2) राष्ट्रीय बाल संरक्षण समिति
(3) राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
(4) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग

Scanned by CamScanner

3. वह कौन-सा विशेष बल है, जिसका गठन "भयंकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विशेष निवारक प्रतिक्रिया" उपलब्ध कराने के लिए किया गया है?
(1) विशेष सुरक्षा बल
(2) राष्ट्रीय आपदा मोचन बल
(3) त्वरित कार्यवाही बल
(4) आपदा अनुक्रिया एवं उद्धार बल

4. नागरिकों के मौलिक अधिकारों के संदर्भ में, दिए गए विकल्पों में से कौन-सा वक्तव्य सही है?
A. कोई व्यक्ति विशेष अपने मौलिक अधिकार त्याग सकता है।
B. जो कानून तथा कार्यकारी कार्यवाही मौलिक अधिकारों के विरुद्ध हो, वे अमान्य और रद्द माने जाएँगे।
(1) (A) और (B) दोनों
(2) केवल (A)
(3) (A) और (B) दोनों ही नहीं
(4) केवल (B)

5. किस बाँध के निर्माण के लिए, विश्व बैंक ने शुरू में धन दिया था, परन्तु पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दों एवं विस्थापितों के पुनर्वास हेतु भूमि अधिग्रहण की अनिश्चितता के चलते, बाद में इस परियोजना से हाथ हटा लिए?
(1) सरदार सरोवर बाँध
(2) भाखड़ा नांगल बाँध
(3) अलमट्टी बाँध
(4) कोनार बाँध

6. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रदान किए जाने वाले कृषि ऋण की अधिकतम अवधि क्या होती है?
(1) 15 वर्ष (2) असीमित
(3) 20 वर्ष (4) 10 वर्ष

7. भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों का प्रशिक्षण कहाँ होता है?
(1) भारतीय प्रशासनिक कर्मचारी महाविद्यालय, हैदराबाद
(2) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी
(3) भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली
(4) नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबन्धकीय अकादमी, मध्य प्रदेश

8. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय राज्य सूची के अन्तर्गत आता है?
(1) पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम
(2) सामाजिक सुरक्षा तथा सामाजिक बीमा
(3) नशीली पेय
(4) न्यास और न्यासी

9. भारतीय कानून के अनुसार, अगर पुरुष की आयु ……… से कम हो, तो वह बाल विवाह माना जाएगा।
(1) 21 वर्ष (2) 24 वर्ष
(3) 18 वर्ष (4) 16 वर्ष

10. "टर्फ रॉक" किसका एक उदाहरण है?
(1) तलछटी चट्टानों का
(2) बाथर्स्ट चट्टानों का
(3) रूपांतरित चट्टानों का
(4) अग्निमय चट्टानों का

11. होयसलेश्वर मन्दिर कर्नाटक में कहाँ स्थित है?
(1) हालेबिंदु (2) हावेरी
(3) वारंगल (4) हम्पी

12. भारत के कितने राज्यों में विधान परिषद् है?
(1) 7 (2) 15
(3) 11 (4) 22

13. कौन-सा खनिज मांसपेशियों और तंत्रिका-तंत्र को सक्रिय और नियन्त्रित करता है?
(1) लोहा (2) मैग्नीशियम
(3) फॉस्फोरस (4) जिंक

14. सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी से संतोषजनक उत्तर न मिलने पर, कितने दिनों के भीतर कोई व्यक्ति मुख्य सूचना आयुक्त के पास अपील दर्ज करा सकता है?
(1) 90 दिन (2) 45 दिन
(3) 30 दिन (4) 60 दिन

15. नीतिगत उपायों के व्यापार मिश्रण में क्या शामिल होता है?
(1) संस्थागत बंधक
(2) शहरीकरण
(3) प्रति व्यक्ति आय
(4) राजकोषीय प्रोत्साहन

16. वर्ष 1990 में, राष्ट्रीय विकास समिति (एनडीसी) ने राज्यों की योजनाओं के लिए, केन्द्रीय सहायता निर्धारित करने का एक फॉर्मूला तैयार किया था। इस फॉमूले का लोकप्रिय नाम क्या है?
(1) संचेती फॉर्मूला
(2) गाडगिल-मुखर्जी फॉर्मूला
(3) राजमन्नार फॉर्मूला
(4) सरकारिया फॉर्मूला

17. 21वें भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(1) एस०शिव कुमार
(2) चेतन घाटे
(3) जस्टिस बलबीर सिंह चौहान
(4) माइकल पात्रा

18. वह कौन-से नेता थे, जो केन्द्रीय विधानसभा के अध्यक्ष थे (1946 से लेकर 1947 तक), फिर वे संविधान सभा के अध्यक्ष बने और तत्पश्चात् वे लोकसभा के अध्यक्ष भी बने?
(1) सरदार वल्लभभाई पटेल
(2) गणेश वासुदेव मावलणकर
(3) कस्तूरभाई लालभाई
(4) अमृतलाल हरगोविंद दास

19. किसी मशीन अथवा नेटवर्क संसाधन को उन लोगों के लिए अनुपलब्ध कर देना, जो उस तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं उसे क्या कहते हैं, जैसे एओएल, याहू या अन्य किसी व्यावसायिक नेटवर्क का अनुपलब्ध हो जाना?
(1) स्पाईवेयर
(2) फिशिंग
(3) डिनायल ऑफ सर्विस
(4) रूटकिट

20. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद यह कहता है "राज्य, देश के पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा?"
(1) अनुच्छेद 48-A (2) अनुच्छेद 24
(3) अनुच्छेद 12 (4) अनुच्छेद 36

21. 30 नवम्बर, 2017 को, नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) के उपाध्यक्ष कौन थे?
(1) अनिल कुमार सिन्हा
(2) राजीव कुमार
(3) विनोद राय
(4) अरविंद पानगढ़िया

22. बेरोजगारी के एक प्रकार को क्या कहते हैं जिसमें कई लोगों के कार्यरत् होने पर भी उत्पादकता कम होती है?
(1) संरचनात्मक बेरोजगारी
(2) प्रतिरोधात्मक बेरोजगारी
(3) अल्प रोजगार
(4) प्रच्छन्न बेरोजगारी

23. किस ऐतिहासिक मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह कहा कि कोई भी अविवाहित माँ, बच्चे के पिता को बिना सूचित किए और पिता का परिचय बिना दिये, बच्चे की एकमात्र अभिभावक बनने का आवेदन प्रस्तुत कर सकती है?
(1) एबीसी बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटी)
(2) एस०आर०सुकुमार बनाम एस० सुनाद रघुराम
(3) कॉमन कॉज बनाम भारत संघ
(4) कृष्णमूर्ति बनाम शिवकुमार

Scanned by CamScanner

24. गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली किस प्रकार की एटीएम सेवाओं में, 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी जाती है?
(1) भूरा लेबल एटीएम
(2) सफेद लेबल एटीएम
(3) हरा लेबल एटीएम
(4) पीला लेबल एटीएम

25. किस जनहित याचिका मामले में न्यायालय ने सरकारी विभागों को यह निर्देश दिया कि वे झोपड़ पट्टियों के विस्तार को रोकने के लिए समुचित कदम उठाएँ और निवास योग्य परिवेश बनाएँ?
(1) एबीसी बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एन सी टी)
(2) समता बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य
(3) परमानंद कटारा बनाम भारत संघ
(4) अलमित्रा पटेल बनाम भारत संघ

26. बनिहाल रेलवे सुरंग कहाँ स्थित है?
(1) पीर पंजाल रेंज (2) लद्दाख रेंज
(3) काराकोरम रेंज (4) जन्स्कर रेंज

27. भारत सरकार के वित्तीय खातों से जुड़े, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन किसे प्रस्तुत किया जाता है?
(1) संसद
(2) राष्ट्रपति
(3) प्रधानमन्त्री
(4) केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल

28. भारतीय दंड सहिता के अनुसार इनमें से किन अपराधों के लिए मृत्युदंड दिया जा सकता है?
A. धारा 121 : भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध घोषणा
B. धारा 364 A : फिरौती के लिए अपहरण
(1) (A) और (B) दोनों
(2) केवल (B)
(3) (A) और (B), दोनों ही नहीं
(4) केवल (A)

29. दिए गए विकल्पों में से कौन भारत के लिए 1946 के यूनाइटेड किंगडम कैबिनेट मिशन का सदस्य नहीं था?
(1) लॉर्ड लॉरेंस
(2) जॉन बप्तिस्ता
(3) सर स्टेफर्ड क्रिप्स
(4) ए०वी०एलेक्जेंडर

30. रेल बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
A. भारतीय रेल का बजट संसद में अलग से प्रस्तुत किया जाता है और इसे अलग से निपटाया जाता है (वर्ष 2015 तक)।
B. रेल की प्राप्तियाँ और व्यय, भारत की समेकित निधि का हिस्सा हैं।
C. प्राप्तियाँ और व्यय से जुड़ी राशि 'वार्षिक वित्तीय विवरण' अथवा बजट में जोड़ी जाती है।
(1) केवल (A) (2) (A), (B) और (C)
(3) (B) और (C) (4) (A) और (B)

31. सूचना संगृहीत करने के लिए ट्रांजिस्टरों का प्रयोग करने वाली मेमोरी को क्या कहते हैं?
(1) स्टेटिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (एसआरएएम)
(2) डायनामिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम)
(3) वीडियो रैंडम एक्सेस मेमोरी (वीआरएएम)
(4) प्रोग्रामेबल रीड ओनली मेमोरी (पीआरओएम)

32. इस यातायात संकेत का क्या अर्थ है?

(1) आगे खतरा है
(2) आगे रास्ता नहीं है
(3) आगे लैवल क्रॉसिंग है
(4) आसपास घूम रहे पशुओं के प्रति सतर्क रहें

33. बुलेट प्रूफ वस्त्र बनाने के लिए कौन-सी सामग्री प्रयोग की जाती है?
(1) मेलामाइन
(2) पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी)
(3) स्पेक्ट्रा
(4) पॉलीईथीलीन टेरेफथलेट (पीईटी)

34. किसके तत्वावधान में दिल्ली के मुख्यमन्त्री शपथ ग्रहण करते हैं?
(1) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
(2) दिल्ली के उपराज्यपाल
(3) राष्ट्रपति (4) लोकसभा अध्यक्ष

35. 29 जुलाई, 2016 को करबी, थाईलैंड में सम्पन्न हुए भारत-थाइलैंड सैन्य अभ्यास को क्या कहा जाता है?
(1) थाईन्डेक्स (2) मैत्री
(3) शक्ति (4) मित्रशक्ति

36. भारत में राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के संदर्भ में, दिए गए विकल्पों में से कौन-सा वक्तव्य सही है?
A. ये सिद्धान्त समाजवादी विचारधारा पर आधारित हैं।
B. इनमें जनमत का सार निहित है और इनका उद्देश्य है जनता की इच्छाओं को प्रतिफलित करना।
(1) (A) और (B) दोनों ही नहीं
(2) केवल (A)
(3) केवल (B)
(4) (A) और (B) दोनों

37. 30 नवम्बर, 2017 को केन्द्रीय जाँच ब्यूरो के निदेशक कौन थे?
(1) आलोक वर्मा
(2) अनिल सिन्हा
(3) अजीत डोभाल
(4) कोसाराजू वीरैया चौधरी

38. आयकर अधिनियम के अंतर्गत इनमें से कौन-सा, एक "आय का स्रोत" नहीं है?
(1) पूँजीगत लाभ से आय
(2) गृह संपत्ति से आय
(3) कृषि से आय
(4) अन्य स्रोतों से आय

39. किसके तत्वावधान में भारत के राष्ट्रपति शपथ ग्रहण करते हैं?
(1) मुख्य चुनाव आयुक्त
(2) भारत के उपराष्ट्रपति
(3) लोकसभा अध्यक्ष
(4) भारत के मुख्य न्यायाधीश

40. जल-निकायों में निम्नलिखित में से किन पोषक तत्वों में वर्द्धित-स्तर के कारण अतिपोषण होता है?
(1) नाइट्रोजन (2) फॉस्फेट
(3) पोटैशियम (4) मैग्नीशियम

भाग-III : संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

1. जब $3^{102}+3$ विभाजित है 103 से, तो शेष का पता लगाएँ।
(1) 4 (2) 7 (3) 6 (4) 2

2. 64 लीटर वाले डीजल के एक टिन से, 8 लीटर बाहर निकाला गया और उसमें उतना ही पानी मिलाया गया। यदि इसी प्रक्रिया को और दो बार दोहराया जाता है, तो अंत में टिन में डीजल की कुल कितनी मात्रा रह जाएगी?
(1) 41.625 लीटर (2) 44.875 लीटर
(3) 43.625 लीटर (4) 42.875 लीटर

3. एक विभाग में 24 कर्मचारी टंकन जानते हैं और 11 आशुलिपि जानते हैं। 25 कम्प्यूटर का प्रयोग करना जानते हैं। 7 टंकन तथा आशुलिपि दोनों जानते हैं, 4 आशुलिपि तथा कम्प्यूटर जानते हैं, 12 टंकन तथा कम्प्यूटर जानते हैं और 3 तीनों जानते हैं। यदि उस विभाग में 50 कर्मचारी हों, तो उन कर्मचारियों

Scanned by CamScanner

की संख्या ज्ञात कीजिए जो तीनों कार्य में से कोई भी कार्य नहीं जानते।
(1) 40 (2) 10 (3) 47 (4) 33

4. पिता, माँ और एक बेटे समेत एक परिवार की औसत आयु 38 वर्ष है। 5 साल पहले, पिता की उम्र माता की आयु से 25% अधिक थी और माँ और बेटे की आयु के बीच का अंतर 31 था। आज यदि बेटे और पिता की आयु के बीच का अंतर 41 है, तो पिता की वर्तमान आयु क्या है?
(1) 60 वर्ष (2) 45 वर्ष
(3) 50 वर्ष (4) 55 वर्ष

5. 29 फरवरी, 2000 को मंगलवार था। इस शताब्दी में, कितनी बार 29 फरवरी के दिन मंगलवार होगा?
(1) 3 (2) 2 (3) 4 (4) 1

6. सोमवार, मंगलवार और बुधवार को औसत तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस है। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को औसत तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस है। यदि सोमवार को तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता है, तो गुरुवार का तापमान ज्ञात करें।
(1) 31.2 डिग्री सेल्सियस
(2) 44.4 डिग्री सेल्सियस
(3) 33.4 डिग्री सेल्सियस
(4) 40.2 डिग्री सेल्सियस

7. यदि एक निश्चित राशि पर 2 साल के लिए 3% का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 406 हो, तो उसी समय अवधि के लिए उसी राशि पर साधारण ब्याज कितना होगा?
(1) ₹200 (2) ₹300
(3) ₹100 (4) ₹400

8. 30 खिलौनों का लागत मूल्य ₹40 खिलौनों के विक्री मूल्य के बराबर है। लाभ या हानि प्रतिशत की गणना करें।
(1) 25% लाभ (2) 30% हानि
(3) 30% लाभ (4) 25% हानि

9. दो संख्याएँ 2:7 के अनुपात में हैं। यदि उनका समापवर्त्य 42 है, तो दो संख्याओं का गुणनफल क्या होगा?
(1) 136 (2) 126 (3) 146 (4) 116

10. एक ट्रेन की गति अपनी यात्रा के पहले घंटे के दौरान दूसरे घंटे की तुलना में आधी है। इसके अलावा, तीसरे घंटे के दौरान इसकी गति, पहले दो घंटे के दौरान इसकी गति के योग का दो-तिहाई है। यदि ट्रेन तीन घंटे के लिए उसी गति पर चलती है, जिस गति से वह पहले घंटे के दौरान चली थी, तो वो 180 किमी कम चलती। पहले तीन घंटे के लिए ट्रेन की औसत गति का पता लगाएँ।
(1) 120 किमी प्रति घंटा
(2) 150 किमी प्रति घंटा
(3) 180 किमी प्रति घंटा
(4) 160 किमी प्रति घंटा

11. एक लड़का ₹2, ₹5 और ₹10 लागत वाली तीन अलग-अलग प्रकार की कलम खरीदने के लिए जाता है, वह कलम पर कुल ₹117 खर्च करता है। अगर यह मालूम होता है कि उसने हर तरह की कम-से-कम एक कलम खरीदी, तो उसके पास कलम की न्यूनतम संख्या क्या है?
(1) 15 (2) 13 (3) 53 (4) 52

12. एक सर्वेक्षण में यह पाया गया था कि कुल आबादी का 3/5 चाय पसन्द करता है, कुल आबादी का 4/5 कॉफी पसन्द करता है और कुल आबादी का आधा दोनों कॉफी और चाय पसन्द करता है। कुल आबादी का कितना भाग न तो चाय और न ही कॉफी पसन्द करता है?
(1) 1/10 (2) 3/10
(3) 1/5 (4) 2/5

13. $2+[2+\{(2+2+2-(7/4)\}]=?$
(1) 77/4 (2) 17/4
(3) 65/4 (4) 33/4

14. राम और श्याम, क्रमश: 3 घंटे और 6 घंटे में एक काम को पूरा कर सकते हैं। यदि राम से शुरुआत करके वे एक घंटे के लिए बारी-बारी से काम करते हैं, तो कितने घंटे में काम पूरा हो जाएगा?
(1) 6 घंटे (2) 4 घंटे
(3) 5 घंटे (4) 3 घंटे

15. प्रिया प्रति घंटे एक चक्कर की दर से एक स्टेडियम के चक्कर काट रही है, जबकि अनु प्रति घंटे नौ चक्कर की दर से ही स्टेडियम के चक्कर काटती है। सुबह 8 बजे वो दोनों एक ही दिशा में एक ही बिंदु से चलने लगती हैं। चक्कर काटना शुरू होने के बाद, किस समय पर वे पहली बार एक-दूसरे से मिलेंगी?
(1) सुबह 8:12 बजे
(2) सुबह 7:55 बजे
(3) सुबह 8:08 बजे
(4) सुबह 8:30 बजे

16. यदि एक संख्या के 60% को 120 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम वो ही संख्या है, तो वह संख्या कौन-सी है?
(1) 400 (2) 200 (3) 300 (4) 500

17. राम , जो एक सामाजिक कार्यकर्त्ता है, उसने चेन्नई में बाढ़ राहत के लिए कुछ धन एकत्र किया। राम द्वारा अपने दोस्तों से डॉलर में एकत्र की गई राशि निम्नलिखित है

दोस्त 1	दोस्त 2	दोस्त 3	दोस्त 4	दोस्त 5	दोस्त 6	दोस्त 7
51	58	56	53	33	310	313

राम द्वारा एकत्र डॉलर का मध्यमान क्या था?
(1) 124.86 (2) 124.00
(3) 127.91 (4) 125.86

18. एक वर्गाकार खेल के मैदान की भुजा 60 मीटर है। प्रत्येक भुजा में 15% की वृद्धि हुई है, इसके क्षेत्रफल में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?
(1) 33.5% की वृद्धि
(2) 35.5% की वृद्धि
(3) 34.5% की वृद्धि
(4) 32.25% की वृद्धि

19. कितने अलग-अलग तरीकों से 3 लड़के और 3 लड़कियों को एक सीधी रेखा में विन्यस्त किया जा सकता है, ताकि 3 लड़कियाँ कभी भी एक साथ न हों?
(1) 696 तरीकों में (2) 576 तरीकों में
(3) 144 तरीकों में (4) 658 तरीकों में

20. जानवी की आयु जननी से 4 गुना है। अब से दस साल बाद, जानवी से दोगुना बड़ी होगी। जानवी की वर्तमान आयु ज्ञात करें।
(1) 12 वर्ष (2) 16 वर्ष
(3) 20 वर्ष (4) 24 वर्ष

21. दो पासों को एक समय पर फेंका गया। कितनी संभावना है कि उन दोनों में जो अंक पाए गए उनमें अंतर '1' हो?
(1) 5/36 (2) 1/6
(3) 1/4 (4) 5/18

22. भीतरी व्यास 4 मीटर और ऊँचाई 7 मीटर वाले एक बेलनाकार कुँए को उसकी खड़ी भीतरी दीवारों पर 0.25 मीटर मोटाई वाली रोड़ी की कोटिंग के साथ कवर किया जाना है। ₹900 प्रति घन मीटर की दर से आवश्यक रोड़ी की अनुमानित लागत का पता लगाएँ।
(1) ₹29800 (2) ₹51000
(3) ₹18562 (4) ₹22034

निर्देश (प्रश्न संख्या 23-25) निम्नलिखित चित्र को देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।
बिना सारणी एक परीक्षा में गणित और विज्ञान में विभिन्न अंक श्रेणियों में छात्रों का वितरण दर्शाती है।

विषय	200 अंकों में से				
	160 तथा अधिक	120 तथा अधिक	80 तथा अधिक	40 तथा अधिक	0 अंक अधिक
गणित	52	80	116	140	150
विज्ञान	40	96	120	144	150
औसत (कुल)	46	88	118	142	150

Scanned by CamScanner

23. गणित में 40% और अधिक पाने वाले छात्रों की संख्या और विज्ञान के क्षेत्र में 40 अंक और अधिक पाने वाले छात्रों की संख्या के बीच क्या अंतर है?
(1) 28 (2) 4 (3) 5 (4) 17

24. गणित में 120 और अधिक लेकिन 160 से कम अंक पाने वाले छात्रों की संख्या का प्रतिशत, विज्ञान में अंकों की उसी श्रृंखला अनुसार अंक पाने वालों की तुलना में क्या है?
(1) 16% (2) 80%
(3) 75% (4) 50%

25. यदि गणित में न्यूनतम आवश्यक अंकों का (कट ऑफ) प्रतिशत, 40% से 60% कर दिया जाए, तो पारित होने वाले छात्रों की संख्या में प्रतिशत परिवर्तन क्या होगा?
(1) 24% (2) 37%
(3) 40.25% (4) 25%

26. एक मेज के अंकित मूल्य के 70% कीमत पर बिक्री करके, एक व्यापारी 10% का नुकसान उठाता है। अगर व्यापारी अंकित मूल्य के 95% पर मेज को बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा?
(1) 22% (2) 25%
(3) 17% (4) 15%

27. किस अनुपात में शुद्ध शराब में पानी को जोड़ा जाना चाहिए ताकि वो 80% शराब घोल बन जाए?
(1) 5:6 (2) 1:4 (3) 2:3 (4) 2:5

28. 132468 में 3 के अंकित मान और स्थान मान के योग का पता लगाएँ।
(1) 300013 (2) 30003
(3) 3003 (4) 303

29. रोनाल्ड और एलन एक नियुक्ति पर कार्य कर रहे हैं। रोनाल्ड कम्प्यूटर पर 32 पृष्ठ 6 घंटे में टाइप करता है, जबकि एलन 40 पृष्ठ 5 घंटे में करता है। 110 पृष्ठों का कार्य दो अलग-अलग कम्प्यूटरों पर करने में उन्हें कितना समय लगेगा?
(1) 7 घंटे 30 मिनट
(2) 8 घंटे
(3) 8 घंटे 15 मिनट
(4) 8 घंटे 25 मिनट

30. चित्र में O वृत्त का केन्द्र है और A, B, C वृत्त की परिधि पर बिन्दु हैं। कोण ABO ज्ञात करें।



(1) 25° (2) 35° (3) 55° (4) 45°

31. हरिता एक स्वचालित सीढ़ी के शीर्ष सिरे पर 10 सेकण्ड में 30 कदम चढ़कर पहुँच गयी। यदि स्वचालित सीढ़ी में कदमों की कुल संख्या 50 है, तो स्वचालित सीढ़ी की गति क्या है?
(1) 5 कदम/सेकण्ड
(2) 2 कदम/सेकण्ड
(3) 6 कदम/सेकण्ड
(4) 3 कदम/सेकण्ड

32. V एक ऐसी सबसे बड़ी संख्या है, जो 6305, 4505 और 905 को विभाजित करती है और प्रत्येक मामले में एक समान शेष ही देती है। V में अंकों का गुणनफल क्या होगा?
(1) 4 (2) 8 (3) 2 (4) 0

33. राजेश ने 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹100 उधार लिए। 2 साल के बाद ऋण चुकाने के लिए उसे कितनी राशि का भुगतान करना होगा?
(1) ₹120 (2) ₹111
(3) ₹121 (4) ₹21

34. नैना और कल्पना एक साथ काम करके 10 दिनों में एक काम को कर सकते हैं, जबकि अकेले नैना इसे 12 दिनों में कर सकती है। कितने दिनों में कल्पना इसे अकेले कर सकती है?
(1) 70 दिन (2) 60 दिन
(3) 72 दिन (4) 40 दिन

35. A और B 100 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए एक-दूसरे की ओर दौड़ना शुरू करते हैं। दोनों 4 घंटे में मिलते हैं। हालाँकि, अगर वे एक ही दिशा में दौड़ रहे होते और A, B के पीछे दौड़ रहा होता, तो A 20 घंटों में B से आगे निकल गया होता। B की गति क्या होगी?
(1) 5 किमी प्रति घंटा
(2) 15 किमी प्रति घंटा
(3) 20 किमी प्रति घंटा
(4) 10 किमी प्रति घंटा

36. अगर बीते कल से पहले का दिन शुक्रवार था, तो दिए गए विकल्पों में से सोमवार कौन-सा होगा?
(1) कल
(2) आज
(3) कल के बाद दो दिन
(4) परसों

37. अगर $A = 0.84181818...$, तो A के निम्नतम भिन्न रूप के गणक और भाजक के बीच अंतर कितना होगा?
(1) 84 (2) 79 (3) 87 (4) 83

38. ₹6500 की एक राशि को तीन लोगों में इस तरह साझा किया जाता है कि पहले व्यक्ति के हिस्से का 4 गुना, दूसरे व्यक्ति के हिस्से का तीन गुना और तीसरे व्यक्ति के हिस्से का दोगुना, एक बराबर हो। तीसरे व्यक्ति का हिस्सा कितना होगा?
(1) ₹4200 (2) ₹3600
(3) ₹3000 (4) ₹1800

39. एक दुकानदार अपनी विज्ञापित कीमत पर 20% की छूट देता है और फिर भी 10% का लाभ कमाता है। यदि वह एक वस्तु पर ₹56 का लाभ कमाता है, तो उसकी विज्ञापित कीमत क्या होगी?
(1) ₹770 (2) ₹600
(3) ₹650 (4) ₹810

40. 2445 का 184% − 2600 का 172% + 2075 का 84% = ?
(1) 1986.6 (2) 1769.8
(3) 1872.6 (4) 1352.2

भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

1. एक निश्चित कूट भाषा में 'CORRUPT' को 'DPWTTQU' के रूप में कोडित किया जाता है, तो 'SOCIETY' का कोड क्या होगा?
(1) TOGLEUZ (2) TPFKFVZ
(3) TPGKEUZ (4) TPFKEVZ

2. F का विवाह हुआ है G से, जो L की माँ है। L इकलौती पोती/नवासी है K की। L ने विवाह किया है M से। M का F से क्या सम्बन्ध है?
(1) बहू (2) मौसेरी बहन
(3) भतीजी (4) दामाद

3. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें, जो पहली जोड़ी में सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा।
EFHI : LMPR : : OPRS : ?
(1) VWZA (2) VWYZ
(3) VWZB (4) VWXA

निर्देश (प्रश्न संख्या 4-6) निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए सवाल का जवाब दें। निम्नलिखित एक विपणन प्रशिक्षु के चयन के लिए मानदंड हैं। उसे

1. कुल कम-से-कम 50% अंकों के साथ स्नातक होना चाहिए।
2. 1 अक्टूबर, 2016 को कम-से-कम 24 साल और 30 साल से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. कम-से-कम 6 महीने के लिए विपणन विभाग में अनुभव हो।

Scanned by CamScanner

हालाँकि, एक उम्मीदवार सभी उपरोक्त मानदंडों को पूरा करता है, सिवाय

4. ऊपर के, लेकिन प्रबन्धन में डिप्लोमा किया है, उसे विपणन प्रबन्धक के पास भेजा जाना है।

4. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?
सोहनदास ने कुल 56% अंकों के साथ बी०एस० सी० गणित पूरा कर लिया है और वह 10 मई, 1982 को पैदा हुआ था, उसे विपणन विभाग में 2 साल का अनुभव है।
(1) उम्मीदवार का चयन किया जाना है।
(2) उम्मीदवार के मामले को विपणन प्रबन्धक के पास भेजा जाना है।
(3) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।
(4) दिए गए डेटा निर्णय करने के लिए अपर्याप्त हैं।

5. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?
धवल कुलकर्णी ने कुल 58% अंकों के साथ स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और वह 18 जून, 1990 को पैदा हुआ था, उसे 8 महीने का विपणन विभाग में अनुभव है।
(1) उम्मीदवार का चयन किया जाना है।
(2) उम्मीदवार के मामले को विपणन प्रबन्धन के पास भेजा जाना है।
(3) दिए गए डेटा निर्णय करने के लिए अपर्याप्त हैं।
(4) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

6. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?
नवीन घोष के पास विपणन में डिप्लोमा है और उसने समग्र में 70% अंकों के कुल के साथ वाणिज्य में स्नातक की डिग्री पूरी की हैं। वह 29 साल का है, लेकिन विपणन विभाग में कोई अनुभव नहीं है।
(1) उम्मीदवार का चयन किया जाना है
(2) उम्मीदवार के मामले को विपणन प्रबन्धक के पास भेजा जाना है।
(3) दिए गए डेटा निर्णय करने के लिए अपर्याप्त हैं।
(4) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

7. नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें, क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।
सवाल: रमन, रूही, आदि, तारा और अर्जुन पाँचों एक परिवार के सदस्य हैं। उन लोगों के बीच सबसे कम उम्र का कौन है?
I. तारा उनमें सबसे बड़ी है और केवल तीन सदस्य रमन से छोटे हैं।
II. रूही, आदि और रमन से छोटी है। अर्जुन, रूही से बड़ा है।
(1) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(2) कथन II में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(3) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) कथन I में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

8. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है, उनमें से कौन-सा तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे, कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।
कथन: हमें पूरे विश्व समुदाय से मौत की सजा को खत्म करने की जरूरत है।
पूर्वानुमान :
I. किसी राज्य को अपने नागरिकों को मौत की सजा देने का अधिकार नहीं है।
II. केवल मौत की सजा ही अपराध दर कम कर सकती है।
(1) पूर्वानुमान I और II दोनों अंतर्निहित हैं।
(2) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।
(3) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।
(4) ना पूर्वानुमान I और ना II अंतर्निहित है।

9. दिए गए विकल्पों में जो असंगत संख्या है, उसे ज्ञात करें।
26, 60, 116, 318
(1) 318 (2) 26 (3) 60 (4) 116

10. अपने कार्यालय से, मैं 8 मी दक्षिण की ओर चला, बाएँ मुड़ा और 3 मी चला फिर 4 मी उत्तर की ओर चला। अपने कार्यालय से मैं कितनी दूर हूँ?
(1) 7 मी (2) 10 मी (3) 15 मी (4) 5 मी

11. अमित ने कार में 15 किमी की यात्रा की, फिर वो बाएँ मुड़ा और 5 किमी की यात्रा की, फिर वो बाएँ मुड़ा और 15 किमी की यात्रा की। यदि वो अभी पूर्व के सामने है, तो शुरुआती बिन्दु से अब कितनी दूर होगा?
(1) 35 किमी (2) 30 किमी
(3) 20 किमी (4) 5 किमी

12. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है उनमें से कौन-सा तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे, कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।
कथन : आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलें भविष्य की पीढ़ी को प्रभावित कर सकती हैं।
पूर्वानुमान :
I. जीएम फसलों से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
II. क्योंकि संसाधनों का अधिक शोषण हो रहा है, सो लोगों को जीएम फसलों पर भरोसा करना चाहिए।
(1) ना पूर्वानुमान I और ना II अंतर्निहित है।
(2) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।
(3) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।
(4) पूर्वानुमान I और II दोनों अंतर्निहित हैं।

13. एक समारोह में, एक महिला ने एक लड़के को सबसे परिचित कराया, 'ये मेरी इकलौती बहन के जेठ/देवर के पिता का पोता है।' लड़का उस महिला के साथ किस रिश्ते से जुड़ा हुआ है?
(1) पति (2) जेठ/देवर
(3) भाई (4) बेटा

14. नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें, क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।
सवाल : इस समय पर एक घड़ी के घंटे की सुई की स्थिति क्या है?
I. इस समय पर घड़ी के घंटे की सुई 2 बजे की ओर इशारा कर रही है।
II. घड़ी में, घंटे की सुई कुछ समय पहले 3 बजे की ओर इशारा कर रही थी, लेकिन यह इस समय तक 225 डिग्री घूम चुकी है।
(1) केवल कथन I या केवल कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(2) कथन I में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(3) कथन II में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

15. मैं 5 मीटर पूर्व में चला और फिर बाएँ मुड़ा और फिर 5 मीटर चला। वहाँ से मैं उत्तर की तरफ 3 मीटर चला। फिर मैं लगातार दो बार बाएँ मुड़ा और हर बार 3 मीटर चला। शुरुआती बिन्दु से अब मैं कौन-सी दिशा में रहूँगा?
(1) उत्तर (2) दक्षिण-पश्चिम
(3) दक्षिण (4) उत्तर-पूर्व

Scanned by CamScanner

16. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है।

किलो, मिली, मेगा, गीगा

(1) मेगा (2) गीगा
(3) किलो (4) मिली

17. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए है। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है।

कथन : कुछ लोगो ट्रेडमार्क हैं।
हर ट्रेडमार्क कॉपीराइट है।

निष्कर्ष :
I. हर ट्रेडमार्क एक लोगो है।
II. कम-से-कम कुछ लोगो कॉपीराइट हैं।

(1) केवल II अनुसरण करता है।
(2) केवल I अनुसरण करता है।
(3) ना I और ना II अनुसरण करता है।
(4) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

18. उस विकल्प का चयन करें जिसमें प्रश्न चित्र अंत:स्थापित है;





(1) (2) (3) (4)

19. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

C, X, ?, U, I, R

(1) F (2) G (3) V (4) E

20. दिए गए विकल्पों में से, उस शब्द का चयन करें जो निम्न शब्द के अक्षरों का उपयोग कर नहीं बनाया जा सकता

ACCOMMODATION

(1) Command (2) Atomic
(3) Account (4) Domain

21. एक निश्चित कूट भाषा में '1210' को '4' के रूप में लिखा जाता है और '1331' को '8' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में '2016' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 16 (2) 13 (3) 10 (4) 9

22. पूजा, पूर्णा से अमीर है, पूवी, पूजा से अमीर है। बूमा, पूवी से अमीर है और रोमा सबसे अमीर है। यदि उन्हें बाएँ से दाएँ उनके अमीरी के आरोही क्रम में बैठाया जाए, तो बाएँ से चौथे स्थान पर कौन होगा?

(1) पूजा (2) पूर्णा (3) पूवी (4) बूमा

निर्देश (प्रश्न संख्या 23-25) निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए सवाल का जवाब दें।

निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है। (सभी संख्याएँ दो अंकों की संख्याएँ हैं)

इनपुट : Tell 66 26 move blue 86 85 48 wonder knock ill 37 68 cow
चरण 1: 26 Tell 66 move 86 85 48 wonder knock ill 37 68 cow blue
चरण 2: 37 26 Tell 66 move 86 85 48 wonder knock ill 68 blue
चरण 3: 48 37 26 Tell 66 move 86 85 wonder knock 68 blue cow ill
चरण 4: 66 48 37 26 Tell move 86 85 wonder 68 blue cow ill knock
चरण 5: 68 66 48 37 26 Tell 86 85 wonder blue cow ill knock move
चरण 6: 85 68 66 48 37 26 88 wonder blue cow ill knock move Tell
चरण 7: 88 85 68 66 48 37 26 blue cow ill knock move Tell wonder

और चरण 7 ऊपर इनपुट के पुनर्विन्यास का अंतिम चरण है।

23. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, कौन-सा चरण नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित आउटपुट देगा?

"46 23 19 89 whom rose number 61 number 71 97 dog goes live"

इनपुट : 89 whom rose 19 46 number dog live goes 61 23 number 71 97

(1) चरण 5 (2) चरण 6
(3) चरण 4 (4) चरण 3

24. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए चरण 5 में कौन-सा शब्द/संख्या दाएँ से 5वीं स्थिति में होगा?

इनपुट : 89 whom rose 19 46 number dog live goes 61 23 umber 71 97

(1) 19 (2) 97 (3) goes (4) dog

25. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए चौथे चरण में निम्नलिखित में से कौन-सा "whom" की स्थिति को दर्शाता है?

इनपुट : 89 whom rose 19 46 number dog live goes 61 23 umber 71 97

(1) दाएँ से छठा (2) दाएँ से पाँचवाँ
(3) बाएँ से छठा (4) बाएँ से पाँचवाँ

26. नीचे सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें, क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।

सवाल : 40 छात्रों की एक कक्षा में ऊपर से नवीन की स्थिति क्या है?

I. नवीन ऊपर के क्रम से प्रकाश से 4 स्थान नीचे पर है।
II. नीचे से प्रकाश का स्थान 13 है।

(1) कथन I और II उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(2) कथन II में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(3) कथन I में उपलब्ध तथ्य अकेले सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(4) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

27. उस विकल्प का चयन करें जिसमें प्रश्न चित्र अंत:स्थापित है





(1) (2) (3) (4)

28. एक निश्चित कूट भाषा में 'AMBITION' को 'ABIIMNOT' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में CRIMINAL' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) CBIIMNOT (2) ACILIMNR
(3) ACIILMNR (4) ABIIMNOR

29. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4, 8, 17, 33, 58, ?

(1) 94 (2) 92
(3) 86 (4) 89

30. स्वाति, जया की बहन है। रवि, पूजा का भाई है। जया, रवि की बेटी है। स्वाति का रवि से क्या संबंध है?

(1) मामी (2) माँ
(3) बेटी (4) भतीजी

31. निम्न में से कौन-सा आरेख इमारत, बजरी, रोड़ी के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है?



(1) (2) (3) (4)

32. निम्नलिखित कथन को पढ़ें और जवाब दें, निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क मजबूत है?

Scanned by CamScanner

कथन :

क्या सार्वजनिक जीवन में उच्च पद के लिए अवसर को दो बार के लिए प्रतिबंधित किया जाना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, अन्य सक्षम प्रतियोगियों को अवसर दिया जाना चाहिए।

II. नहीं, प्रतिभाशाली व्यक्ति लोगों की सेवा करने के अवसरों से वंचित होते हैं।

(1) ना तर्क I ना तर्क II मजबूत है।
(2) केवल तर्क II मजबूत है।
(3) तर्क I और तर्क II दोनों मजबूत हैं।
(4) केवल तर्क I मजबूत है।

33. उस विकल्प का चयन करें, जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है।

गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर
(1) फेसबुक (2) ट्विटर
(3) यूट्यूब (4) गूगल

34. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है।

कथन :

सभी सूर्य पूर्व हैं।

कुछ पश्चिम सूर्य नहीं हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ पूर्व सूर्य हैं।

II. कोई सूर्य पश्चिम नहीं हैं।

(1) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(2) केवल II अनुसरण करता है।
(3) केवल I अनुसरण करता है।
(4) ना I और ना II अनुसरण करता है।

35. निम्न में से कौन-सा आरेख टॉगल कुंजी, केप्स लॉक, बेकस्पेस के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है?



(1) (2) (3) (4)

36. दिए गए विकल्पों में से जो असंगत संख्या है, उसे ज्ञात करें।

125, 1000, 225, 8000
(1) 125 (2) 1000
(3) 225 (4) 8000

37. निम्नलिखित कथन को पढ़ें और जवाब दें, निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क मजबूत है?

कथन :

क्या भारत को केवल परमाणु ऊर्जा पर भरोसा करना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, बिजली की माँग को मौजूदा संसाधनों से पूरा नहीं किया जा सकता है।

II. नहीं, अगर कोई दुर्घटना होती है, तो बहुत बड़ा नुकसान हो जाएगा।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।
(2) तर्क I और तर्क II दोनों मजबूत है।
(3) ना तर्क I ना तर्क II मजबूत है।
(4) केवल तर्क II मजबूत है।

38. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें, जो पहली जोड़ी में संबंध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा।

VUT : QPO : : LKJ : ?
(1) HFG (2) GFE (3) GEF (4) EFG

39. उस विकल्प का चयन करें, जो अन्य विकल्पों से भिन्न है।



(1) (2) (3) (4)

40. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें प्रश्न चिह्न चित्र छिपा/अंत:स्थापित है





(1) (2) (3) (4)

उत्तरमाला

भाग-I: सामान्य हिन्दी

1. (1)	2. (3)	3. (2)	4. (4)	5. (3)	6. (3)	7. (1)	8. (3)	9. (2)	10. (3)
11. (2)	12. (4)	13. (3)	14. (1)	15. (1)	16. (2)	17. (4)	18. (3)	19. (2)	20. (1)
21. (3)	22. (4)	23. (2)	24. (1)	25. (3)	26. (4)	27. (2)	28. (2)	29. (3)	30. (4)
31. (4)	32. (4)	33. (1)	34. (2)	35. (1)	36. (1)	37. (2)	38. (2)	39. (4)	40. (2)

भाग-II: मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

1. (3)	2. (3)	3. (2)	4. (4)	5. (1)	6. (1)	7. (2)	8. (3)	9. (1)	10. (4)
11. (1)	12. (1)	13. (2)	14. (1)	15. (4)	16. (2)	17. (3)	18. (2)	19. (3)	20. (1)
21. (2)	22. (1)	23. (1)	24. (2)	25. (4)	26. (1)	27. (2)	28. (3)	29. (2)	30. (2)
31. (1)	32. (1)	33. (3)	34. (2)	35. (2)	36. (4)	37. (1)	38. (3)	39. (4)	40. (2)

भाग-III: संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

1. (1)	2. (4)	3. (2)	4. (4)	5. (1)	6. (1)	7. (4)	8. (4)	9. (2)	10. (2)
11. (2)	12. (1)	13. (4)	14. (2)	15. (3)	16. (3)	17. (1)	18. (4)	19. (2)	20. (3)
21. (4)	22. (3)	23. (1)	24. (4)	25. (1)	26. (1)	27. (2)	28. (2)	29. (3)	30. (1)
31. (2)	32. (4)	33. (3)	34. (2)	35. (4)	36. (1)	37. (3)	38. (3)	39. (1)	40. (2)

भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

1. (3)	2. (4)	3. (3)	4. (3)	5. (1)	6. (2)	7. (3)	8. (2)	9. (1)	10. (4)
11. (4)	12. (2)	13. (4)	14. (1)	15. (4)	16. (4)	17. (1)	18. (3)	19. (1)	20. (3)
21. (4)	22. (4)	23. (4)	24. (4)	25. (3)	26. (4)	27. (3)	28. (3)	29. (1)	30. (3)
31. (4)	32. (1)	33. (4)	34. (3)	35. (3)	36. (3)	37. (3)	38. (2)	39. (2)	40. (4)

Scanned by CamScanner

संकेत एवं हल

भाग-I : सामान्य हिन्दी

1. (1) "लिखित भाषा में हम अपने विचार लिखकर प्रकट करते हैं"— इस वाक्य में सामान्य वर्तमान काल है।
क्रिया के जिस रूप से वर्तमान समय से मौजूद कोई स्थिति या किसी घटना के होने का संकेत मिलता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।
2. (3) द् + अ + क् + ष + अ = दक्ष
3. (2) 'भारत की खोज' जवाहर लाल नेहरू की कृति है। 'द एसोसिशयल राइटिंग्स ऑफ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस' तथा 'द इंडियन स्ट्रगल' इनकी प्रमुख पुस्तकें हैं।
4. (4) प्रदत्त वाक्य इस प्रकार होगा—हमारा **अध्यापक वृन्द** अमेरिका की वाद-विवाद प्रतियोगिता का विजेता बन, भारत लौट आया
5. (3) 'अवगाहन' शब्द का समानार्थी शब्द छानबीन है।
6. (3) शब्द के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह शब्द पुरुष जाति का है, या स्त्री जाति का उसे लिंग कहते हैं।
7. (1) जो संज्ञापद पुरुष वर्ग के वाचक होते हैं, अथवा जो शब्द पुरुष जाति के अंतर्गत माने जाते हैं, वे पुल्लिंग कहलाते हैं। 'नृप' शब्द पुल्लिंग है।
8. (3) रिक्त स्थानों में 'श्रृंखला तथा श्रेय' का प्रयोग उचित है।
9. (2) आचार्य तुलसी की प्रमुख कृति 'अग्नि परीक्षा' है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक 'लिविंग विद पर्पज' में उन्हें विश्व के 15 महान पुरुषों में शामिल किया था।
10. (3) 'सब्ज बाग दिखाना' का अर्थ होता है— झूठे वायदे करना।
11. (2) प्रदत्त वाक्य इस प्रकार होगा—यह रास्ता *दुर्गम* है, सावधानीपूर्वक चलें।
12. (4) 'काक' पद का उपयोग छूटे हुए अंश के लिए होता है।
13. (3) रूपक साहित्य में एक प्रकार का अर्थालंकार है, जिसमें बहुत अधिक साम्य के आधार पर प्रस्तुत में अप्रस्तुत का आरोप करके अर्थात् उपमेय या उपमान के सामर्थ्य का आरोप करके और दोनों भेदों का अभाव दिखाते हुए उपमेय या उपमान के रूप में ही वर्णन किया जाता है।
14. (1) "मैया! मैं तो चन्द्र-खिलौना लैहों" में एक रूपक अलंकार है। जिस जगह उपमेय पर उपमान का आरोप किया जाए, उस अलंकार को रूपक अलंकार कहते हैं।
15. (1) 'शरीर में ताकत होनी चाहिए'— यह वाक्य सही है।
16. (2) 'संक्षिप्त' का अर्थ है— संक्षेप में लिखा गया हो या कहा गया हो, या मुख्तसर।
17. (4) 'लकीर का फकीर' होने का अर्थ है— पुराने रीति-रिवाजों में जकड़ा होना।
18. (3) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' का अर्थ है— किसी अयोग्य व्यक्ति को महत्त्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो जाना।
19. (2) 'छत्रच्छाया' शुद्ध शब्द है।
20. (1) स्वागत = सु + आगत। स्वागत में यण संधि है।
21. (3) 1835 ई० में लॉर्ड विलियम बैंटिक ने अंग्रेजी शिक्षा एक्ट को लागू करवाया था। लॉर्ड विलियम बैंटिक ने सरकारी सेवाओं में भेद-भावपूर्ण व्यवहार को खत्म करने के लिए 1833 ई० के एक्ट की धारा 87 के अनुसार जाति या रंग के स्थान पर योग्यता को ही सेवा का आधार माना।
22. (4) 'अपेक्षा' का अर्थ है—अभिलाषा।
23. (2) 'काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ है— छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता है।
24. (1) रामधारी सिंह दिनकर हिन्दी के एक प्रमुख लेखक, कवि, निबन्धकार थे। रश्मिरथी के रचयिता रामधारी सिंह दिनकर हैं। परशुराम की प्रतीक्षा, उर्वशी, आदि उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं।
25. (3) जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना प्रकट की जाती है, वहाँ **उत्प्रेक्षा** अलंकार होता है। यहाँ भिन्नता में अभिन्नता दिखाई जाती है।
26. (4) 'अवनि' का विरुद्धार्थी शब्द 'अंबर' है।
27. (2) "कनक कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।
वा खाए बोराए जग, या देखे बोराए"—में यमक अलंकार है।
जिस जगह एक ही शब्द एक से अधिक बार प्रस्तुत हो, लेकिन उस शब्द का अर्थ हर बार भिन्न हो, वहाँ यमक अलंकार होता है।
28. (2) भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लंबी नदी गंगा है— इस वाक्य में "सबसे" प्रविशेषण है। जो शब्द विशेषण की विशेषता बताता है, उसे प्रविशेषण कहते हैं।
29. (3) 'चंद रुपये बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मशार होना पड़ा'— इस वाक्य में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।
30. (4) 'काया' स्त्रीलिंग शब्द है।
31. (4) डॉ० रामदरश मिश्र हिन्दी के प्रतिष्ठित साहित्यकार हैं। ये जितने समर्थ कवि हैं, उतने ही समर्थ उपन्यासकार और कहानीकार भी हैं। "आग की हँसी" काव्य संग्रह के लिए इन्हें वर्ष 2015 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रामदरश मिश्र हिन्दी साहित्य संसार के बहुआयामी रचनाकार हैं, उन्होंने गद्य एवं पद्य की लगभग सभी विधाओं में सृजनशीलता का परिचय दिया है।
32. (4) प्रदत्त वाक्य में अर्धविराम, अल्पविराम तथा पूर्णविराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है।
33. (1) संत कवि ने राम के जीवन पर रचना की है।
34. (2) 'बर्बरता' शब्द का समानार्थी 'नृशंसता' होगा।
35. (1) "ब्राह्मण" शुद्ध शब्द होगा।
36. (1) 'गर्मी की उमस के बाद वर्षा शुरू हुई'— यह वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।
37. (2) "ऊर्ध्व" शब्द का विलोम 'अध:' होगा।
38. (2) उसकी दृष्टि में वह कभी इतने आदर और स्नेह के *योग्य* न थी।
39. (4) दिए गए वाक्य का वचन बदलने पर नया वाक्य इस प्रकार होगा—
गरीब घरों के लोगों का जीवन दयनीय होता है।
40. (2) रामायण और महाभारत काल में विमान होते थे, ऐसा हमने अपने **बड़ों** से सुना है और हिन्दू धर्मग्रंथों में भी इसका **वर्णन** किया गया है। इस वाक्य में 'बड़ों' तथा 'वर्णन' शब्दों का प्रयोग रिक्त स्थान की जगह पर होगा।

भाग-II : मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

1. (3) भारत सरकार अधिनियम, 1935 को मूलत: अगस्त 1935 में पारित किया था और इसे उस समय के अधिनियम संसद का सबसे लंबा (ब्रिटिश) अधिनियम कहा जाता था। भारतीय संविधान लागू होने से पहले, भारत का प्रशासन मूल रूप से भारत सरकार अधिनियम, 1935 दस्तावेज के अनुसार होता था।
2. (3) समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के कार्यकर्त्ताओं के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान शीर्ष संस्था है। इसके अलावा, बाल अधिकार एवं महिलाओं की तस्करी की रोकथाम पर प्रशिक्षण देने के लिए, यह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय संगठन (सार्क) देशों की प्रमुख संस्था भी है।

Scanned by CamScanner

3. (2) राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का गठन भयंकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विशेष निवारक प्रतिक्रिया उपलब्ध कराने के लिए किया गया है। यह बल 24 घण्टे अपनी सेवा पर तत्पर है। यह बल बाढ़, तूफान, वर्षा, भूकम्प आदि से लोगों की रक्षा के लिए है।

4. (4) मौलिक अधिकार भारत के संविधान के तीसरे भाग में वर्णित लोगों के मूल अधिकार हैं। ये अधिकार सभी भारतीय नागरिकों को नागरिक स्वतन्त्रता प्रदान करते हैं। नागरिकों के मौलिक अधिकारों के संदर्भ में जो कानून तथा कार्यकारी कार्यवाही मौलिक अधिकारों के विरुद्ध हो, वे अमान्य और रद्द माने जाएँगे।

5. (1) सरदार सरोवर बाँध के लिए विश्व बैंक ने शुरू में धन दिया था, परंतु पर्यावरण संबंधी मुद्दों एवं विस्थापितों के पुनर्वास हेतु भूमि अधिग्रहण की अनिश्चितता के चलते, बाद में इस परियोजना से इसे हटा दिया गया था। सरदार सरोवर बाँध नर्मदा नदी पर बना 800 मीटर ऊँचा है।

6. (1) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक भारत का एक शीर्ष बैंक है, इसे कृषि ऋण से जुड़े क्षेत्रों में योजना और परिचालन के नीतिगत मामलों में तथा भारत के ग्रामीण अंचल की अन्य आर्थिक, गतिविधियों के लिए मान्यता प्रदान की गई है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले कृषि ऋण की अधिकतम अवधि 15 वर्ष होती है।

7. (2) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी उच्चतर सिविल सेवाओं के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान के लिए समर्पित, भारत की अग्रणी संस्थान है। इसकी स्थापना वर्ष 1959 में आई०ए०एस० ट्रेनिंग स्कूल दिल्ली और आई०ए०एस० स्टाफ कॉलेज शिमला को मिलाकर नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के रूप में हुई थी।

8. (3) नशीली पेय राज्य सूची के अंतर्गत आता है। राज्य सरकार अपने अनुसार इसकी खरीद पर प्रतिबंध भी लगा सकती है तथा टैक्स भी घटा-बढ़ा सकती है।

9. (1) बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 भारत का एक अधिनियम है, जो 1 नवम्बर, 2007 से लागू हुआ था। इस अधिनियम के अनुसार बाल विवाह वह है, जिसमें लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम या लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम हो। ऐसे विवाह को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 द्वारा प्रतिबंधित किया गया है।

10. (4) टर्फरॉक अग्निमय चट्टानों का उदाहरण है।

11. (1) होयसलेश्वर मंदिर, भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर है, जो कर्नाटक के हाले नामक स्थान पर स्थित है। यह बेलूर से 16 किमी दूर है। इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में राजा विष्णुवर्धन के काल में हुआ था।

12. (1) विधानपरिषद् कुछ भारतीय राज्यों में लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। इसके सदस्य अप्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा चुने जाते हैं। कुछ सदस्य राज्यपाल के द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। विधानपरिषद् विधानमंडल का अंग है। आन्ध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में विधानपरिषद् है, इसके अलावा राजस्थान और असम को भारत की संसद ने स्वयं के विधानपरिषद् बनाने की मंजूरी दे दी है। अतः प्रश्नकाल के दौरान 7 राज्यों में विधान परिषद् थीं।

13. (2) मैग्नीशियम सभी जीव-जंतुओं के साथ मनुष्य के लिए भी उपयोगी तत्त्व है। यह प्रकाश का स्रोत है। मैग्नीशियम मांसपेशियों और तंत्रिका तंत्र को सक्रिय और नियंत्रित करता है। यह मानव शरीर में पाए जाने वाले पाँच प्रमुख रासायनिक तत्त्वों में से एक है।

14. (1) सूचना का अधिकार (आर०टी०आई) अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी उत्तर न मिलने पर 90 दिनों के भीतर कोई व्यक्ति मुख्य सूचना आयुक्त के पास अपील दर्ज करा सकता है।

15. (4) नीतिगत उपायों के व्यापार मिश्रण में राजकोषीय प्रोत्साहन शामिल होता है। अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है।

16. (2) वर्ष 1990 में, राष्ट्रीय विकास समिति (एन०डी०सी०) ने राज्यों की योजनाओं के लिए, केन्द्रीय सहायता निर्धारित करने का गाडगिल-मुखर्जी फॉर्मूला तैयार किया था।

17. (3) न्यायमूर्ति डॉ० बलबीर सिंह चौहान भारतीय विधि आयोग के 21वें अध्यक्ष हैं। 10 मार्च, 2016 को केन्द्र सरकार ने उन्हें इस पद पर नियुक्त किया। इसके पूर्व वे कावेरी नदी जल विवाद न्यायाधिकरण के अध्यक्ष थे। वे मई 2009 से जुलाई 2014 के मध्य भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं।

18. (2) गणेश वासुदेव मावलणकर केन्द्रीय विधानसभा के अध्यक्ष थे। फिर वे संविधान सभा के अध्यक्ष बने और तत्पश्चात् वे लोकसभा के अध्यक्ष भी बने। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी भी थे। इनका कई भाषाओं पर एकाधिकार था। वासुदेव मावलणकर ने अनेक ग्रन्थों की भी रचना की थी।

19. (3) डिनायल ऑफ सर्विस अटैक का प्रयोग हैकर किसी नेटवर्क या मशीन को उस पर access करने वाले यूजर्स के लिए unavailable कर देते हैं। इस अटैक का मुख्य उद्देश्य यूजर्स को किसी सर्विस जैसे—इंटरनेट पर access करने से रोकना है। DOS (Denial of Service Attack) में नेटवर्क या मशीन को unavailable करने के लिए सिर्फ एक कम्प्यूटर और एक इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।

20. (1) संविधान के अनुच्छेद 48-A में राज्य से अपेक्षा की गई है, कि वह पर्यावरण के संरक्षण और सुधार तथा देश के वनों व वन्य जीवों के संरक्षण का उत्तरदायित्व करे।

21. (2) 30 नवम्बर, 2017 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार थे। इसके पहले नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया थे। नीति आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ था।

22. (1) संरचनात्मक बेरोजगारी वह बेराजगारी है, जो अर्थव्यवस्था में होने वाले संरचनात्मक बदलाव के कारण उत्पन्न होती है। संरचनात्मक बेरोजगारी तब प्रकट होती है, जब बाजार में दीर्घकालिक स्थितियों में बदलाव आता है। इस बेरोजगारी में कई लोगों के कार्यरत् होने पर भी उत्पादकता कम होती है।

23. (1) एबीसी बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटी) के ऐतिहासिक मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह कहा कि कोई भी अविवाहित माँ, बच्चे के पिता को सूचित किए और पिता का परिचय बिना दिये, बच्चे की एकमात्र अभिभावक बनने का आवेदन प्रस्तुत कर सकती है।

24. (2) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सफेद लेबल एटीएम सेवाओं में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी जाती है। सफेद लेबल एटीएम संचालित करने के लिए कंपनियों को बैंक से साझेदारी करनी पड़ती है, जो लेन-देन और न्यूनतम नकद की निगरानी करती है।

25. (4) अलमित्रा पटेल बनाम भारत संघ जनहित याचिका मामले में न्यायालय ने सरकारी विभागों को यह निर्देश दिया, कि वे झोपड़

Scanned by CamScanner

पट्टियों के विस्तार को रोकने के लिए समुचित कदम उठाएँ और निवास योग्य परिवेश बनाएँ।

26. (1) पीर पंजाल रेल सुरंग या बनिहाल रेल सुरंग 11.215 किमी (7 मील) लम्बी सुरंग है, जो भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के बनिहाल कस्बे से उत्तर में हिमालय की पीर (Peer) पंजाल पर्वतमाला से निकलती है। इसका निर्माण 26 जून, 2013 को पूरा हुआ और इस पर रेल सेवाएँ 27 जून, 2013 को शुरू हो गई।

27. (2) भारत सरकार के वित्तीय खातों से जुड़े भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया जाता है।

28. (3) फिरौती के लिए अपहरण (धारा 364 A) तथा भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध घोषणा (धारा 121) के तहत व्यक्ति को मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता है।

29. (2) फरवरी 1946 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एटली ने भारत में एक तीन सदस्यीय उच्च-स्तरीय शिष्टमंडल भेजने की घोषणा की। इस शिष्टमंडल में ब्रिटिश कैबिनेट के तीन सदस्य-लॉर्ड पैथिक लारेंस (भारत सचिव), सर स्टेफर्ड क्रिप्स (व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष) तथा ए०वी० एलेक्जेंडर (नौसेना मंत्री) थे। इस मिशन को विशिष्ट अधिकार दिए गए थे तथा इसका कार्य भारत को शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए उपायों एवं संभावनाओं को तलाशना था।

30. (2) भारतीय रेल का वित्तीय प्रतिवेदन प्रतिवर्ष दिया जाता है, जिसे रेल बजट कहते हैं। इसे भारत के रेल मंत्री संसद में प्रस्तुत करते हैं। भारतीय रेल की प्राप्तियाँ और व्यय, भारत की समेकित निधि का हिस्सा हैं। प्राप्तियाँ और व्यय से जुड़ी राशि वार्षिक वित्तीय विवरण अथवा बजट में जोड़ी जाती है। अब इसे आम बजट में शामिल कर दिया गया है।

31. (1) सूचना संगृहीत करने के लिए ट्रांजिस्टरों का प्रयोग करने वाली मेमोरी को स्टेटिक रैंडम एक्सेस मेमोरी कहते हैं। इसमें प्रत्येक बिट को स्टोर करने के लिए फ्लिप फ्लाप का उपयोग किया जाता है। स्टेटिक रैंडम एक्सेस मेमोरी एक प्रकार की अर्धचालक मेमोरी (Semi-conductor Memory) है।

32. (1) प्रदत्त यातायात संकेत का अर्थ है—आगे खतरा है।

33. (3) बुलेट प्रूफ वस्त्र बनाने के लिए स्पेक्ट्रा का प्रयोग किया जाता है। इसे प्राय: हनीवेल (Honey Well) कंपनी द्वारा बनाया जाता है। स्पेक्ट्रा की तरह ही अन्य पदार्थ एरामिड (Aramid) तथा डाइनिमा (Dyneema) है।

34. (2) दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को शपथ ग्रहण कराते हैं।

35. (2) भारत द्वारा थाईलैंड अभ्यास मैत्री 2017 का सफल आयोजन किया गया, जो भारत और थाईलैंड के बीच प्रमुख रक्षा सहयोग पहलों में से एक है। 3-17 जुलाई, 2017 के मध्य भारतीय सेना और रॉयल थाईलैंड की सेना के मध्य अभ्यास हुआ।

36. (4) भारत में राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के संदर्भ में यह कथन सत्य है, कि ये सिद्धान्त समाजवादी विचारधारा पर आधारित हैं, इसमें जनमत का सार निहित है और इनका उद्देश्य है जनता की इच्छाओं को प्रतिफलित किया जाए।

37. (1) आलोक वर्मा को 30 नवंबर, 2017 को केन्द्रीय जाँच ब्यूरो का निदेशक चुना गया था। इसके पहले अनिल सिन्हा इस पद पर थे। आलोक वर्मा दिल्ली के कमिश्नर के पद पर भी रह चुके हैं।

38. (3) आयकर अधिनियम, 1961 भारत में आयकर निर्धारण का प्रमुख कानून है। यह अधिनियम 1 अप्रैल, 1962 से प्रभाव में आया। आयकर अधिनियम के अंतर्गत पूंजीगत लाभ से आय तथा गृह संपत्ति से आय प्रमुख हैं।

39. (4) भारत के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति को शपथ ग्रहण कराते हैं।

40. (2) अकार्बनिक रसायन में फॉस्फोरिक अम्ल तथा क्षारों की क्रिया से जो लवण बनते हैं, वे फॉस्फेट कहलाते हैं। कार्बनिक रसायन में फॉस्फोरस अम्ल के इस्टर को फॉस्फेट कहते हैं। कार्बनिक फॉस्फेटों का जैव-रसायन और पर्यावरण में बहुत महत्त्व है।

भाग-III: संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

1. (1) $\frac{3^{102}+3}{103}=\frac{(3^{102}-1)+4}{103}$

शेषफल = 4

2. (4) अंत में डीजल की शेष मात्रा

$$=64\left(\frac{64-8}{64}\right)^3$$

$$=64\times\left(\frac{56}{64}\right)^3=64\times\left(\frac{7}{8}\right)^3$$

$$=\frac{64\times7\times7\times7}{8\times8\times8}=\frac{343}{8}$$

= 42.875 लीटर

3. (2) प्रश्नानुसार,



विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या = 50

तीनों में से कोई कार्य न जानने वाले कर्मचारियों की संख्या

$= 50-(8+4+9+3+1+3+12)$

$= 50-40 = 10$

4. (4) प्रश्नानुसार, परिवार की कुल आयु

$= 3\times38 = 114$ वर्ष

5 वर्ष पहले पूरे परिवार की कुल आयु

$= 114-15 = 99$ वर्ष

माना 5 वर्ष पूर्व माता की आयु = x वर्ष

$\therefore$ 5 वर्ष पूर्व पिता की आयु

$= x\times\frac{125}{100}=\frac{5}{4}x$ वर्ष

$\therefore$ 5 वर्ष पूर्व पुत्र की आयु = $(x-31)$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$$x+\frac{5}{4}x+x-31=99$$

$$\Rightarrow \quad 2x+\frac{5}{4}x=130$$

$$\Rightarrow \quad 8x+5x=130\times4$$

$$\Rightarrow \quad 13x=130\times4$$

$$\Rightarrow \quad x=40$$

$\therefore$ 5 वर्ष पूर्व पिता की आयु $=\frac{5}{4}\times40$

= 50 वर्ष

अत: पिता की वर्तमान आयु

$= 50+5 = 55$ वर्ष

5. (1) $\because$ 1 शताब्दी में फरवरी 29 दिन की 25 बार आती है।

अत: $\frac{25}{7}=3$ बार फरवरी मंगलवार की होगी।

6. (1) प्रश्नानुसार,

(सोमवार + मंगलवार + बुधवार) का तापमान

$= 29.9\times3 = 89.7°$

27°+ (मंगलवार + बुधवार) का तापमान

= 89.7°

(मंगलवार + बुधवार) का तापमान

$= 89.9-27 = 62.7°$ ...(i)

Scanned by CamScanner

(मंगलवार + बुधवार + गुरुवार) का तापमान

$= 31.3 \times 3 = 93.9°$ ...(ii)

समी (i) से मान रखने पर,

$62.7°+$ (गुरुवार) का तापमान $= 93.9$

$\therefore$ गुरुवार का तापमान

$= 93.9 - 62.7 = 31.2°$

अत: गुरुवार का तापमान $= 31.2°C$

7. (4) माना मूलधन ₹ P है।

$\because$ चक्रवृद्धि ब्याज $= P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^n - 1\right]$

$\Rightarrow 406 = P\left[\left(1+\frac{3}{100}\right)^2 - 1\right]$

$\Rightarrow 406 = P\left[\left(\frac{103}{100}\right)^2 - 1\right]$

$\Rightarrow 406 = P\left[\frac{10609-10000}{10000}\right]$

$\therefore P = \frac{406 \times 10000}{609} = ₹6666.67$

$\therefore$ 2 वर्ष का साधारण ब्याज

$= \frac{6666.67 \times 3 \times 2}{100} = \frac{40000.02}{100}$

$= 400.0002 = ₹ 400$

8. (4) हानि प्रतिशत $= \frac{\text{हानि}}{\text{विक्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{40-30}{40} \times 100$

$= \frac{10}{40} \times 100 = 25\%$

9. (2) माना संख्याएँ $2x$ तथा $7x$ हैं।

$\therefore$ ल०स०प० $= 2 \times 7 \times x = 14x$

प्रश्नानुसार,

ल०स०प० $= 42$

$\Rightarrow 14x = 42$

$\therefore x = \frac{42}{14} = 3$

$\therefore$ संख्याएँ $= 2 \times 3 = 6$ और $7 \times 3 = 21$

$\therefore$ संख्याओं का गुणनफल $= 6 \times 21 = 126$

10. (2) माना ट्रेन की दूसरे घंटे की गति

$= x$ किमी/घंटा

$\therefore$ पहले घंटे की गति $= \frac{x}{2}$ किमी/घंटा

तीसरे घंटे की गति $= \left(x+\frac{x}{2}\right) \times \frac{2}{3}$

$= \frac{3}{2}x \times \frac{2}{3} = x$ किमी/घंटा

प्रश्नानुसार,

$\left(x+\frac{x}{2}+x\right) - 3 \times \frac{x}{2} = 180$

$\Rightarrow \frac{5}{2}x - \frac{3}{2}x = 180 \Rightarrow \frac{2x}{2} = 180$

$\therefore x = 180$

$\therefore$ ट्रेन की औसत चाल $= \frac{\frac{180}{2}+180+180}{3}$

$= \frac{450}{3} = 150$ किमी/घंटा

11. (2) लड़के द्वारा खरीदी गई न्यूनतम कलम $= 13$

$\because 11 \times 10 + 5 \times 1 + 2 \times 1 = 110 + 5 + 2 = 117$

12. (1) माना कुल आबादी $= 100\%$



अत: चाय और कॉफी नहीं पसंद करने वालों की कुल आबादी का भाग

$= 100 - (50 + 30 + 10) = 10\%$

$= \frac{10}{100} = \frac{1}{10}$

13. (4) $? = 2+\left[2+\left\{2+\left(2+\left(2-\left(\frac{7}{4}\right)\right)\right)\right\}\right]$

$= 2+\left[2+\left\{2+\left(2+\left(2-\frac{7}{4}\right)\right)\right\}\right]$

$= 2+\left[2+\left\{2+\left(2+\frac{1}{4}\right)\right\}\right]$

$= 2+\left[2+\left\{2+\frac{9}{4}\right\}\right]$

$= 2+\left[2+\left\{\frac{17}{4}\right\}\right] = 2+\left[2+\frac{17}{4}\right]$

$= 2+\frac{25}{4} = \frac{33}{4}$

14. (2) प्रश्नानुसार, 2 घंटे में राम और श्याम द्वारा किया कार्य $= \frac{1}{3}+\frac{1}{6} = \frac{6+3}{18} = \frac{1}{2}$

कार्य पूर्ण करने में दोनों को लगा समय

$= \frac{2}{\frac{1}{2}} = 2 \times 2 = 4$ घंटे

15. (3) माना स्टेडियम के 1 चक्कर की दूरी

$= 100$ मीटर

$\therefore$ 1 घंटे में प्रिया द्वारा चली दूरी $= 100$ मीटर

तथा 1 घंटे में अनु द्वारा चली दूरी

$= 100 \times 9 = 900$ मी

$\therefore$ उनके पहली बार मिलने में लगा समय

$= \frac{\text{सापेक्ष दूरी}}{\text{प्रिया की चाल}} = \frac{900-100}{100}$

$= \frac{800}{100} = 8$ मिनट

अत: पहली बार वे $8:00 + 0:08 = 8:08$ बजे मिलेंगी।

16. (3) माना संख्या x है।

प्रश्नानुसार, $\frac{x \times 60}{100} + 120 = x$

$\Rightarrow \frac{3}{5}x + 120 = x \Rightarrow x - \frac{3}{5}x = 120$

$\Rightarrow \frac{2}{5}x = 120 \Rightarrow x = 300$

अत: अभीष्ट संख्या $= 300$

17. (1) मध्यमान $= \frac{51+58+56+53+33+310+313}{7}$

$= \frac{874}{7} = 124.86$

18. (4) क्षेत्रफल में प्रतिशत परिवर्तन

$= 15 + 15 + \frac{15 \times 15}{100}$

$= 30 + 2.25 = 32.25\%$

19. (2) अभीष्ट तरीके $= 4! \times {}^4P_3 = 4! \times 4!$

$= 4 \times 3 \times 2 \times 1 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1$

$= 576$ तरीके

20. (3) माना जननी की वर्तमान आयु $= x$ वर्ष

$\therefore$ जानवी की वर्तमान आयु $= 4x$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$(x + 10) \times 2 = (4x + 10)$

$\Rightarrow 2x + 20 = 4x + 10$

$\Rightarrow 4x - 2x = 20 - 10$

$\Rightarrow 2x = 10 \Rightarrow x = \frac{10}{2} = 5$

$\therefore$ जानवी की वर्तमान आयु

$= 4x = 4 \times 5 = 20$ वर्ष

21. (4) दो पासों को एक समय फेंकने के कुल प्रकार $= 6 \times 6 = 36$

अन्तर 1 आने के अनुकूल प्रकार

$= (2, 1), (1, 2), (3, 2), (2, 3), (4, 3), (3, 4), (5, 4), (4, 5), (6, 5), (5, 6)$

अनुकूल प्रकार $= 10$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{\text{अनुकूल प्रकार}}{\text{कुल प्रकार}}$

$= \frac{10}{36} = \frac{5}{18}$

22. (3) दीवार का आयतन $= \pi(r_1^2 - r_2^2) \cdot h$

$= \pi\left[\left(\frac{4}{2}\right)^2 - (2-0.25)^2\right] \times 7$

$= \frac{22}{7} \times [4 - 3.0625] \times 7$

$= 22 \times 0.9375 = 20.625$ घन मीटर

$\therefore$ रोड़ी की लागत $= 20.625 \times 900$

$= 18562.5 = ₹18562$ (लगभग)

Scanned by CamScanner

23. (1) गणित में 40% (80 अंक) या अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या = 116

विज्ञान में 40 अंक और अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या = 144

$\therefore$ अभीष्ट अंतर = 144 − 116 = 28

24. (4) गणित में 120 से 160 के मध्य अंक पाने वाले छात्रों की संख्या = 80 − 52 = 28

विज्ञान में 120 से 160 के मध्य अंक पाने वाले छात्रों की संख्या = 96 − 40 = 56

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{28}{56} \times 100 = 50\%$

25. (1) यदि कट ऑफ 40% से 60% कर दी जाए, तब पास होने वाले छात्रों में प्रतिशत परिवर्तन $= \frac{36}{150} \times 100 = 24\%$

26. (1) माना मेज का अंकित मूल्य = ₹ x

$\therefore$ मेज का विक्रय मूल्य $= \frac{x \times 70}{100} =$ ₹$\frac{7}{10}x$

$\therefore$ मेज का क्रय मूल्य $= \frac{\frac{7}{10}x}{90} \times 100 =$ ₹$\frac{7}{9}x$

अंकित मूल्य का 95% बेचने पर मेज का विक्रय मूल्य $= \frac{95}{100}x =$ ₹$\frac{19}{20}x$

प्रश्नानुसार,

$$\text{लाभ \%} = \frac{\frac{19}{20}x - \frac{7}{9}x}{\frac{7}{9}x} \times 100$$

$$= \frac{\frac{171x - 140x}{180}}{\frac{7}{9}x} \times 100$$

$$= \frac{31x \times 9}{180 \times 7x} \times 100 = \frac{31 \times 100}{20 \times 7}$$

$= 22.14\% \approx 22\%$ (लगभग)

27. (2) 80% शराब का घोल बनाने के लिए जुड़ा पानी का अनुपात $= \frac{100 - 80}{80} = \frac{20}{80} = \frac{1}{4}$

अतः अभीष्ट अनुपात = 1 : 4

28. (2) 132468 में 3 का स्थानीय मान = 30000

3 का अंकित मान = 3

$\therefore$ अभीष्ट योग = 30000 + 3 = 30003

29. (3) रोनाल्ड द्वारा कम्प्यूटर पर 1 घंटे में टाइप पृष्ठों की संख्या $= \frac{32}{6}$

एलन द्वारा 1 घंटे में टाइप पृष्ठों की संख्या $= \frac{40}{5} = 8$

$\therefore$ दोनों द्वारा मिलकर अलग-अलग कम्प्यूटर पर एक घंटे में किया गया कार्य

$= \frac{32}{6} + 8 = \frac{32 + 48}{6} = \frac{80}{6} = \frac{40}{3}$ पृष्ठ

$\therefore$ 110 पृष्ठों को टाइप करने में लगा समय

$$= \frac{110}{\frac{40}{3}} = \frac{110 \times 3}{40} = \frac{33}{4}$$

$= 8\frac{1}{4} = 8$ घंटे 15 मिनट

30. (1) चित्र से,



$$\angle BAC = \frac{1}{2} \angle BOC$$

$\because$ समान वृत्तखंड द्वारा परिधि पर बना कोण केन्द्र पर बने कोण का आधा होता है।

$\therefore \quad \angle BAC = 50°$

$\therefore \quad \angle BAO = \frac{1}{2} \angle BAC = \frac{1}{2} \times 50 = 25°$

$\because \quad \angle BAO = \angle OBA \quad (\because OA = OB)$

$\therefore \quad \angle ABO = 25°$

31. (2) स्वचालित सीढ़ी की गति

$= \frac{(50 - 30)}{10} = \frac{20}{10} = 2$ कदम/सेकण्ड

32. (4) $6305 = 100 \times 9 \times 7 + 5$

$4505 = 100 \times 9 \times 5 + 5$

$905 = 100 \times 9 + 5$

$\therefore \quad V = 100 \times 9 = 900$

V के अंकों का गुणनफल $= 9 \times 0 \times 0 = 0$

33. (3) ₹100 का 2 वर्ष का 10% वार्षिक ब्याज की दर से चक्रवृद्धि मिश्रधन

$$= 100\left(1 + \frac{10}{100}\right)^2 = 100 \times \left(\frac{11}{10}\right)^2$$

$= \frac{100 \times 121}{100} =$ ₹121

अतः राजेश को 2 वर्ष के बाद ₹ 121 का भुगतान करना होगा।

34. (2) कल्पना का 1 दिन का कार्य

$$= \frac{1}{10} - \frac{1}{12} = \frac{6 - 5}{60} = \frac{1}{60}$$

$\therefore$ कल्पना को अकेले कार्य करने में लगा समय $= \frac{1}{\frac{1}{60}} = 60$ दिन

35. (4) यदि A और B विपरीत दिशा में दौड़ रहे हैं तब $(A + B)$ की चाल

$= \frac{100}{4} = 25$ किमी/घंटा

माना B की चाल $= x$ किमी/घंटा तथा A की चाल $(25 - x)$ किमी/घंटा

यदि A और B समान दिशा में दौड़ रहे हैं तब

सापेक्ष चाल $= \frac{\text{सापेक्ष दूरी}}{\text{समय}}$

$(25 - x) - x = \frac{100}{20}$

$\Rightarrow \quad 25 - 2x = 5$

$\Rightarrow \quad 2x = 25 - 5 = 20$

$\therefore \quad x = \frac{20}{2} = 10$

अतः B की चाल = 10 किमी/घंटा

36. (1) बीते कल से पहले का दिन = शुक्रवार

बीते कल का दिन = शनिवार

आज का दिन = रविवार

$\therefore$ आने वाला कल का दिन = सोमवार

37. (3) $A = 0.84181818...$

$= 0.84\overline{18} = \frac{8418 - 84}{9900}$

$= \frac{8334}{9900} = \frac{463}{550}$

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर = 550 − 463 = 87

38. (3) तीनों व्यक्तियों को प्राप्त राशि का अनुपात $= \frac{1}{4} : \frac{1}{3} : \frac{1}{2} = \frac{3 : 4 : 6}{12} = 3 : 4 : 6$

$\therefore$ तीसरे व्यक्ति को प्राप्त राशि

$= \frac{6500}{13} \times 6 =$ ₹3000

39. (1) माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ x

वस्तु का क्रय मूल्य $= \frac{56}{10} \times 100 =$ ₹560

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x \times 80}{100} = \frac{560 \times 110}{100}$$

$\Rightarrow \quad 8x = 560 \times 11$

$\therefore \quad x = \frac{560 \times 11}{8} =$ ₹770

अतः वस्तु की विज्ञापित कीमत = ₹770

40. (2) 2445 का 184% − 2600 का 172% + 2075 का 84%

$$= \frac{2445 \times 184}{100} - \frac{2600 \times 172}{100} + \frac{2075 \times 84}{100}$$

= 4498.8 − 4472 + 1743

= 6241.8 − 4472 = 1769.8

Scanned by CamScanner

भाग-IV: मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/ तार्किक परीक्षण

1. (3) जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



2. (4) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,



M, F का दामाद है।

3. (3) जिस प्रकार, उसी प्रकार,



4. (3) चूँकि सोहन दास की आयु 30 वर्ष से अधिक है। अत: उसका चयन नहीं किया जा सकता।

5. (1) चूँकि धवल कुलकर्णी चयन की सभी शर्तों को पूरा करता है। अत: उसका चयन किया जाना है।

6. (2) चूँकि नवीन घोष शर्त III को पूरा नहीं करता है। अत: उसका मामला विपणन प्रबंधक के पास भेजा जाएगा।

7. (3) कथन (I) और कथन (II) से

तारा > रमन > आदि > अर्जुन > रूही

अत: कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

8. (2) कथन से स्पष्ट है कि केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।

9. (1) प्रदत्त संख्या शृंखला निम्नवत् है



अत: 318 असंगत है।

10. (4) प्रश्नानुसार, मेरे चलने का क्रम निम्नवत् है



कार्यालय से दूरी $= \sqrt{3^2+4^2} = \sqrt{9+16}$
$= \sqrt{25} = 5$ मी

11. (4) प्रश्नानुसार, अमित के चलने का क्रम निम्नवत् है



अत: अमित प्रारम्भिक बिन्दु से 5 किमी की दूरी पर स्थित है।

12. (2) कथन से स्पष्ट है कि केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित हैं।

13. (4) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,

अत: लड़का उस महिला का बेटा है।

14. (1) केवल कथन I या केवल कथन II में उपलब्ध तथ्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

15. (4)



मैं प्रारम्भिक बिन्दु से उत्तर-पूर्व दिशा में हूँ।

16. (4) मिली को छोड़कर अन्य सभी कम्प्यूटर मेमोरी की इकाई हैं, जबकि मिली भार की इकाई है।

17. (1) कथनानुसार,

निष्कर्ष I. ✗
II. ✓

अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

18. (3) विकल्प (3) में दी हुई आकृति में प्रश्न आकृति अंतर्निहित है।

19. (1) प्रदत्त शृंखला निम्नवत् है



20. (3) प्रदत्त शब्द में 'U' अक्षर नहीं है। अत: 'Account' शब्द प्रश्न में दिए हुए अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है।

21. (4) जिस प्रकार, 1+2+1+0 = 4
तथा 1+3+3+1 = 8
उसी प्रकार, 2+0+1+6 = 9

22. (4) अमीरी का आरोही क्रम इस प्रकार है
पूर्णा < पूजा < पूर्वी < बूमा < रोमा
बाएँ से चौथे स्थान पर बूमा है।

प्रश्न संख्या 23 से 25 के हल हेतु संकेत

इनपुट : 89 whom rose 19 46 number dog live goes 61 23 number 71 97

चरण 1: 19 89 whom rose 46 number live goes 61 23 umber 71 97 dog.

चरण 2: 23 19 89 whom rose 46 number live 61 umber 71 97 dog goes.

चरण 3: 46, 23, 19, 89 whom rose number 61 number 71 97 dog goes live.

चरण 4: 61, 46, 23, 19, 89, whom rose umber 71 97 dog goes live number rose.

चरण 5: 71, 61, 46, 23, 19, 89, whom umber 97 dog goes live number rose.

चरण 6: 89, 71, 61, 46, 23, 19, whom 97 dog goes live number rose umber.

चरण 7: 97, 89, 71, 61, 46, 23, 19 dog goes live number rose umber, whom.

चरण 7 इनपुट का अन्तिम चरण होगा।

23. (4) चरण 3 इनपुट के लिए आउटपुट देगा।

24. (4) चरण 5 में 'dog' दाएँ से पाँचवीं स्थिति में होगा।

25. (3) चौथे चरण में Whom बाएँ से छठा होगा।

26. (4) कथन I और II को मिलाने पर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।



Scanned by CamScanner

27. (3) विकल्प (3) में दी हुई आकृति में प्रश्न आकृति अंत:स्थापित है।

28. (3) जिस प्रकार,

AMBITION ⇒ ABIIMNOT

(सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला के बढ़ते क्रम में हैं।)

उसी प्रकार

CRIMINAL ⇒ ACIILMNR

(सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला के बढ़ते क्रम में हैं)

29. (1) प्रदत्त संख्या शृंखला निम्नवत् है



30. (3) प्रश्नानुसार, संबंध आरेख बनाने पर,



स्वाति, रवि की बेटी है।

31. (4) निम्न आरेख इमारत, बजरी, रोड़ी के बीच के संबंधों को दर्शाता है

32. (1) कथन से स्पष्ट है कि न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

33. (4) गूगल एक सर्च इंजन है, जबकि अन्य सर्च इंजन नहीं हैं।

34. (3) कथनानुसार,



निष्कर्ष I. ✓

II. ✗

अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

35. (3) निम्न आरेख टॉगल कुंजी, केप्स लॉक, बेकस्पेस के बीच के संबंधों को दर्शाता है



36. (3) 225 के अतिरिक्त अन्य सभी संख्याएँ पूर्ण वर्ग और पूर्ण घन हैं, जबकि 225 एक पूर्ण वर्ग है।

37. (3) कथन से स्पष्ट है कि कोई भी तर्क मजबूत नहीं है।

38. (2) जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



39. (2) विकल्प (2) की आकृति एक त्रिविमीय आकृति है, जबकि अन्य आकृतियाँ द्विविमीय हैं।

40. (4) विकल्प (4) की आकृति में प्रश्न आकृति सन्निहित है।

रफ कार्य हेतु स्थान

Scanned by CamScanner